तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

4
कटाईपाली सी विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## सावधान : बिना जांच के बाजार में बिक रही नकली मिठाई, त्यौहारी सीजन में सक्रिय हुए मिलावटखोर

# रायपुर में पकड़ा 700 किलो नकली पनीर, रायगढ़ में सैंपल लेकर इतिश्री कर लेता है फूड एंड सेफ्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हाल ही में राजधानी रायपुर में स्वास्थ्य विभाग ने 700 किलो नकली पनीर पकड़ा है, लेकिन रायगढ़ में फूड एंड सेफ्टी अफसरों की मनमानी चरम पर है। वैसे तो जांच होती है, लेकिन जांच के बाद रिपोर्ट का ओर-छोर नहीं मिलता है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। वहीं बाजार में भी बिना जांच के नकली मिटाई व मिलावटी दूध बिक रही है। जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है।

अगर आप मिठाई खा रहे हैं तो सावधान हो जाईए। क्योंकि बाजार में नकली मिठाई व मिलावटी दूध बिक रहे हैं। इसकी जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास दो फूड एंड सेफ्टी अफसर तो हैं, लेकिन वो न तो कभी ऑफिस में नजर आते हैं और न ही फिल्ड पर दिखाई देते हैं। जिससे इस साल रक्षाबंधन के पूर्व ही बाजार में मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। ज्ञात हो कि त्यौहारी सीजन आते ही बड़े-बड़े होटल, रेस्टोरेंट से लेकर छोटे-छोटे दुकानों यहां तक की घरों में भी मिठाई बनने शुरू हो जाते हैं। क्योंकि पर्व में इसकी डिमांड ज्यादा रहती है। ऐसे में नकली खोवा, मिलावटी दूध का उपयोग भी धड़ल्ले से होता है। साल में सिर्फ एक बार दीपावली के समय स्वास्थ्य विभाग के फूड एंड सेफ्टी अफसर अलर्ट हो जाते हैं। वहीं खानापूर्ति कार्रवाई कर वो फिर से ईद के चांद बन जाते हैं।



### सबसे ज्यादा दूध में मिलावट की आती है शिकायत

वर्तमान में सबसे ज्यादा मिलावट दूध में की जा रही है। अंजानवश लोग इस दूध को खरीद भी रहे हैं। वहीं अब दुकानों में नई-नई प्रकार की मिठाईयां भी नजर आ रही हैं। इन मिठाईयों से लोगों के स्वास्थ्य पर क्या असर होगा इस जांचने वाला कोई नहीं है। करीब दो सप्ताह पूर्व फूड एंड सेफ्टी अफसरों की टीम द्वारा हटरी चौक स्थित मुरारी मिष्ठान भंडार से खोवा का सैंपल लिया गया है। इसके बाद अन्य प्रतिष्ठानों में भी जांच की गई। इस तरह सालभर में एक-दो स्थानों से ही सैंपल लेकर सिर्फ खानापूर्ति ही की जाती है। जबकि इनको फिल्ड पर जाने के लिए बनाए गए रोस्टर को फॉलो करना होता है।

### तीन कैटेगरी में होती है जांच, सजा का भी है प्रावधान

**अनसेफ :** जो खाद्य सामग्री लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है वह अनसेफ के अंतर्गत आती है। जिसमें कंपनी सहित दुकानदार को 6 माह की सजा सहित 5 लाख के जुर्माना का प्रावधान है।

**मिस ब्रांड :** जिस किसी खाद्य सामग्री में लेबल सही नहीं है, एक्सपायरी डेट नहीं है, बैच नंबर नहीं है, वजन की जानकारी नहीं है, पैकिंग ब्रांड नहीं है तो वो सभी मिस ब्रांड में आते हैं। इसमें 3 लाख रुपए के जुर्माना का प्रावधान है।

**सब स्टेंडर्ड :** जो स्टेंडर्ड को फॉलो नहीं करता। जैसे कि कोई मिठाई ज्यादा मीठा नहीं होना चाहिए लेकिन वह मीठा है, किसी खाद्य सामग्री में कंकड़, पत्थर मिला है या फिर उस पर कलर मिलावट किया गया है वह सब स्टेंडर्ड की श्रेणी में आते हैं। इसमें भी 5 लाख के जुर्माना का प्रावधान है।

**सच्चाई :** फूड एंड सेफ्टी अफसरों द्वारा सैंपल फेल पाए जाने के बाद भी आज तक किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान संचालक को सजा नहीं दिलाई गई है। वहीं दुकानदारों को भारी भरकम जुमार्ने से भी बचाने के लिए सांठगांठ कर प्रकरण को कमजोर बनाया जाता है। जिससे मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं।

### कब कौन आया, कौन गया पता ही नहीं चलता

स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से सरिता पटेल फूड एंड सेफ्टी अफसर हैं, लेकिन बीते कुछ सालों से वो स्वास्थ्यगत व निजी कारणों से लंबी छुट्टी पर आती-जाती रही हैं। जिसे देखते हुए बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग के फूड एंड सेफ्टी अफसर मोहित बेहरा को रायगढ़ भेजा गया था। इसके बाद वो भी चले गए तो रायगढ़ स्वास्थ्य विभाग में फूड एंड सेफ्टी अफसर ही नहीं थे। इसके बाद कवर्धा से अंकित गुप्ता को रायगढ़ बुलाया गया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जून माह में यहां फूड एंड सेफ्टी अफसर सागर दत्ता की पोस्टिंग हुई है, वहीं जुलाई में सरिता पटेल अवकाश से लौटी हैं। बताया जा रहा है कि सागर और सरिता पटेल पति-पत्नी हैं। इस तरह कब यहां कौन अफसर कब आ रहा है, कब जा रहा है पता ही नहीं चलता। यही कारण है कि शहर में खाद्य पदार्थों की ठीक तरीके से जांच नहीं हो पाने से मिलावट का खेल जारी है।

### सिर्फ दिखावे की होती है कार्रवाई

फूड एंड सेफ्टी विभाग के कार्रवाई का सिस्टम ही अलग है। विभाग के अधिकारी किसी भी खाद्य सामग्री का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए रायपुर भेजते हैं तो उसके रिपोर्ट आने में की कई माह लग जाते हैं। तब तक वह प्रोडक्ट मार्केट में धड़ल्ले से बिकते रहता है। बाद में रिपोर्ट में फेल पाए जाने का भी कोई मतलब नहीं निकलता। क्योंकि लोग उस सामग्री का उपयोग कर चुके होते हैं। इस तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिर्फ दिखावे की कार्रवाई की जाती है।

फूड एंड सेफ्टी अफसरों को फिल्ड पर जाने के लिए रोस्टर बनाया गया है। इसे फॉलो नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई होती है। वो इस रोस्टर का पालन कर रहे हैं या नहीं मैं इसे दिखवाता हूं।

**डॉ अनिल जगत**
सीएमएचओ, रायगढ़

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप से 10 हजार स्वाइप मशीन की चोरी

**रायगढ़।** बरमकेला थाना क्षेत्र के कुम्हारी गांव में स्थित शुभम फ्यूल्स में पेट्रोल डलवाने के बाद मोबाइल चार्ज करने के बहाने दो अज्ञात युवक स्टाफ रूप में घुसे। इसके बाद वहां से नकदी 10 हजार रुपए व स्वाइप मशीन को पार कर रफू चक्कर हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार शुभम पटेल पिता पुरुषोत्तम पटेल कुम्हारी का रहने वाला है। उसके नाम पर शुभम फयुल्स पंप ग्राम कुम्हारी में ही स्थित हैं। शाम करीब 5 बजे दो अज्ञात युवक यहां पेट्रोल डलवाने आए। इसके बाद दोनों पेट्रोल पंप के स्टाफ रूम में मोबाइल चार्ज करने के लिए घुसे। जहां दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात आरोपियों की हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### जिले में 794.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 अगस्त तक 794.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 865.4 मिली मीटर, पुसौर में 798.3, खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 819.4, तमनार में 555.4, लैलूंगा में 741.7, मुकडेगा में 992.3, धरमजयगढ़ में 742.7, छाल में 724.5 एवं कापू में 997.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### स्तनपान के महत्व के बारे में दी गई जानकारी

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर रायगढ़ में शिशु सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी. पटेल ने कहा कि स्तनपान शिशु के पोषण की पहली और सबसे सशक्त कड़ी है, जो न केवल शिशु को कुपोषण से बचाता है, बल्कि उसे कई रोगों से भी प्रतिरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि नवजात को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान कराना आवश्यक है, जिससे शिशु को कोलेस्ट्रम नामक पहला गाढ़ा दूध मिल सके, जो उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.जी.एस.पैकरा ने बताया कि माँ का दूध बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए सर्वोत्तम आहार है, जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व उपस्थित होते हैं। यह शिशु को दस्त, निमोनिया, कुपोषण जैसे संक्रमणों से बचाता है और उसके मानसिक विकास में सहायक होता है। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम ने बताया कि स्तनपान से माँ और शिशु के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होता है। साथ ही माताओं को स्तनपान से संबंधित भ्रांतियों को दूर कर सही जानकारी देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। उपस्थित महिलाओं को स्तनपान की सही तकनीक, शिशु की स्थिति, समयबद्ध स्तनपान एवं साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी गई। बता दें कि स्तनपान के प्रति जन जागरूकता लाने के मकसद से प्रथम सप्ताह को पूरे विश्व में स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

# सावन के अंतिम सोमवार कोसमनारा बाबाधाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

सावन मास के अंतिम सोमवार को कोसमनारा स्थित बाबा धाम में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने कोसमनारा क्षेत्र को हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। आधी रात ठीक 12 बजे जैसे ही मंदिर के पट खुले, जल अर्पण का पावन सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर अविराम चलता रहा। मंदिर समिति के अनुसार इस विशेष सोमवार को ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु कोसमनारा पहुंचे। भक्तों की कतारें सुबह से देर शाम तक बनी रहीं, लेकिन पूरी व्यवस्था शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित की गई। महिला श्रद्धालुओं की संख्या भी बड़ी रही। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी की भक्ति और श्रद्धा देखते ही बन रही थी। भक्तों के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जो सुबह 9 बजे शुरू होकर देर रात तक चला। इस भंडारे में लगभग 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गरम-गरम भोजन का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का संचालन स्थानीय सामाजिक संगठनों, युवाओं और मंदिर सेवा समिति के संयुक्त प्रयास से किया गया। कई स्वयंसेवकों ने पूरे दिन सेवा देकर अद्भुत मिसाल पेश की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा के लिए पुलिस बल, महिला आरक्षक, ट्रैफिक टीम, मेडिकल टीम और स्वच्छता कर्मचारी लगातार तैनात रहे। जगह-जगह पेयजल, चिकित्सा सुविधा और पंडाल व्यवस्था की गई थी। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।



### श्रद्धा और सेवा की मिसाल बना कोसमनारा

सावन के अंतिम सोमवार को कोसमनारा बाबाधाम में जो दृश्य देखने को मिला, वह न केवल भक्ति का प्रमाण था, बल्कि सामाजिक समर्पण और सामूहिक व्यवस्था का भी एक आदर्श उदाहरण बनकर उभरा। श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां की व्यवस्था, सेवा और माहौल ने उन्हें देवघर जैसी अनुभूति कराई। सावन समाप्ति के इस पावन अवसर पर कोसमनारा में उमड़े श्रद्धालु सेवा भाव को अपने साथ लेकर लौटे।

# हरिभूमि की खबर के बाद जागा प्रशासन वार्डों में हर रोज कराई जा रही है फॉगिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ सुबह और शाम 4-4 वार्डो में कर रहे धुआं, फीडबैक भी ले रहे अधिकारी

हरिभूमि में पिछले दिनों डेंगू की भयावह स्थिति पर प्रकाशित खबर के बाद नगर निगम पूरी तरह सतर्क हो गया है। नगर निगम द्वारा फॉगिंग को एक अभियान की तरह चलाया जा रहा है। यह न केवल निगम और स्वास्थ्य विभाग के लिए राहत की खबर है, बल्कि आम जनता की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता का प्रमाण भी है।

बारिश के बाद नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास की संयुक्त टीमें वार्डों में सक्रिय कर दी गईं। सफाई दरोगा, सुपरवाइजर, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम ने वार्डवार घर-घर जाकर डेंगू से बचाव के उपाय बताए, पानी जमा न होने देने के लिए चेताया और फील्ड मॉनिटरिंग शुरू की। निगम द्वारा सोमवार से शनिवार तक हर दिन 8 वार्डों में फॉगिंग की जा रही है। सुबह 4 वार्ड और शाम 4 वार्ड। तय रोस्टर के अनुसार यह कार्य बिना रुके चल रहा है। फॉगिंग के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों से नाम, मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर सहित फीडबैक भी लिया जा रहा है।



### जन-जागरूकता अभियान बना डेंगू रोधी कवच

निगम द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और मोहल्लों में डोर टू डोर पंपलेट वितरण, सोशल मीडिया पर जागरूकता पोस्ट और निगम के वाहनों से प्रचार किया गया। इसमें मच्छरदानी के उपयोग, पानी जमा न होने देने, कूलर व बर्तनों की सफाई, पुराने टायर व कबाड़ हटाने जैसी सावधानियों की जानकारी दी गई। इस बार मेडिकल मोबाइल यूनिट में रैपिड टेस्ट किट्स उपलब्ध कराई गई हैं। संदिग्ध लक्षणों पर तुरंत जांच और आवश्यक होने पर इलाज शुरू करने की व्यवस्था की गई है। अब तक जितनी भी जांचें हुई हैं, सभी रिपोर्ट निगेटिव रही हैं।

### खबर का असर


निगम का दावा : वार्डों में रोजाना हो रहा दवा का छिड़काव, लोगों ने कहा हमने तो नहीं देखा..!

### पिछले साल के मुकाबले जमीन आसमान का फर्क

2024 में जुलाई में 152 और अगस्त के पहले सप्ताह में ही 200 से अधिक डेंगू के केस सामने आए थे। इस बार एक भी पॉजिटिव केस नहीं, जो इस सतत अभियान की सफलता का बड़ा प्रमाण है।

### दवाओं के इस्तेमाल और ठहरे पानी पर विशेष ध्यान

जहां भी बारिश का साफ पानी जमा मिला, वहां एंटी लार्वी साइट दवा का छिड़काव और जला हुआ मोबिल तेल डालने की प्रक्रिया अपनाई गई। ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत, नालियों की सफाई और पानी के बहाव को सुगम बनाया गया।

# जनदर्शन में मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर चेंबर-प्रतीक्षा कक्ष में सोमवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगें कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की बात को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनदर्शन एक प्रभावी मंच है, जिसके माध्यम से जनता सीधे प्रशासन से जुड़ती है और अपनी बात रखती है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और प्रत्येक प्रकरणों का समयबद्ध, न्यायसंगत और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। जनदर्शन में रायगढ़ के नंदलाल साहू ने अपनी आर्थिक कठिनाई के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास स्वीकृति की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को पात्रतानुसार सूची में नाम जोडने के निर्देश दिए। गांधीगंज के अशोक कुमार ने सड़क के बीच स्थित ट्रांसफार्मर के कारण आवागमन में बाधा और दुर्घटना की आशंका जताई। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम साल्हेपाली के किसानो ने मांड नदी पर बने एनीकट से खेतों में पानी भरने और मिट्टी कटाव की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

## अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य

**रायगढ़।** अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिन वाहनों में यह नंबर प्लेट नहीं लगी है, उनके विरुद्ध सड़क पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी श्री अमित प्रकाश कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 से 8 अगस्त 2025 तक विभिन्न स्थानों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर डिग्री कॉलेज रायगढ़, आजाद चौक किरोड़ीमल, लॉ कॉलेज के सामने भाजपा कार्यालय रायगढ़ एवं पीजी कॉलेज कोतरारोड रायगढ़ में लगाए जाएंगे।

## छाल के बाद अब लैलूंगा रेंज में बाघ की धमक, गावों में सिर्फ मुनादी से ही चला रहे काम

# 12 लोगों की दो टीमें, 10 कैमरे, फिर भी ट्रैप नहीं कर पा रहे 'बाघ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के जंगलों में बाघ की धमक से जिलेवासी दहशत में हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल द्वारा बाघ की निगरानी के लिए 12 लोगों की दो टीमें बना कर 10 कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके बाद भी अब तक बाघ को ट्रैप नहीं किया जा सका है। छाल के बाद अब लैलूंगा रेंज के जंगलों और खेतों में बाघ के पदचिन्ह मिले हैं। वन विभाग गावों में सिर्फ मुनादी से ही काम चला रहा है।

जिले में एक बार फिर बाघ के पैरों के निशान देखे गए हैं। इस बार ये निशान लैलूंगा क्षेत्र के जंगल और खेतों में नजर आए हैं। इसके बाद लैलूंगा रेंज का वन विभाग सतर्क हो गया है। बाघ की निगरानी के लिए वन विभाग द्वारा 12 लोगों की दो टीमें बनाई गई हैं। जिसमें एक टीम दिन तो दूसरी रात में पैदल जंगल में बाघ पदचिन्हों की ट्रैकिंग कर रही है। हालांकि अभी तक उक्त जानवर बाघ है या शेर या फिर बड़ा तेंदुआ इसकी पुष्टि नहीं हुई है, क्योंकि उसे अब तक किसी ने नहीं देखा है, सिर्फ उसके पदचिन्ह ही मिल रहे हैं। हालांकि यह दावे के साथ कहा जा रहा है कि उक्त जानवर मांसाहारी है। ज्ञात हो कि छाल रेंज के पुरंगा, हाटी, सामरसिंघा सहित आसपास के क्षेत्रों में पहले भी बाघ के पदचिन्ह मिलने के बाद से लगातार ट्रैकिंग की जा रही थी। इसी बीच रविवार को लैलूंगा रेंज के फुटहामुड़ा, फुलीकुंडा क्षेत्र में भी बाघ के पदचिन्ह दिखाई दिए हैं। ग्रामीणों ने जंगल की ओर जाते समय यह निशान देखे, इसके बाद उन्होंने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीओ सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पदचिन्हों का नापजोख किया गया। पदचिन्ह लगभग 16 सेमी लंबा और 14 सेमी चौड़ा बताया गया है।



### टीम ने 10 किमी तक की ट्रैकिंग

दियापुर क्षेत्र में भी बाघ जैसे ही पदचिन्ह मिले हैं। टीम ने करीब 8 से 10 किलोमीटर तक ट्रैकिंग की, लेकिन अब तक बाघ दिखाई नहीं दिया। बाघ की आशंका को देखते हुए विभाग ने फुटहामुड़ा, चिमटापानी, फुलीकुंडा, हल्दीझरिया, दियापुर, तोलगे समेत आसपास के गांवों में मुनादी कराई गई है। ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले न जाने की हिदायत दी गई है। इससे गांवों में भय का माहौल बन गया है।

उक्त मांसाहारी जानवर बाघ है या कुछ और उसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। क्योंकि अब तक उसे किसी ने देखा नहीं है और न ही वो ट्रैप कैमरा में आया है। वह एक स्थान में न रूक कर आगे बढ़ता ही जा रही है। वर्तमान में वह छाल रेंज से लैलूंगा रेंज में आ गया है। जहां-जहां उसके पदचिन्ह मिले हैं उसके आसपास के संभावित एरिया में ट्रैप कैमरों को शिफ्ट किया जा रहा है।

**जितेन्द्र उपाध्याय**
डीएफओ, धरमजयगढ़ वन मंडल

# बगीचा में हाथी के कुचलने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ हाथियों से जनहानि रोक पाने में वन मंडल जशपुर विफल

छत्तीसगढ़ के जशपुर वन मंडल में वन विभाग की निष्क्रियता के कारण हाथी और मानवव्दंद पर विराम नहीं लग पा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस आदिवासी बहुल जिले में हाथियों से जनहानि रोकने के लिए जागरुकता अभियान की विशेष योजना शुरू की है।वन विभाग की ग्रामीणों को जागरूक करने वाली गजरथ योजना केवल कुनकुरी क्षेत्र में सिमट कर रह जाने रविवार को बगीचा क्षेत्र में हाथियों के कुचल देने एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार बगीचा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरमहाकोना के कदमबथान गांव में रविवार को शाम एक किसान को हाथी के कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना के आज बाद वन अमला मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गया है। मृतक किसान के परिजनों ने बताया कि गुरमहाकोना निवासी रमेश यादव कल


हाथी के कुचलने से मृत ग्रामीण।

दोपहर अपने खेत मे काम करने गया था। देर शाम तक जब घर नही लौटा तो घर वाले मृतक को ढूढने निकले तब उनको मृतक का शव देखकर घटना की जानकारी मिली।

यंहा ग्रामीणों ने बताया कि खेत मे काम करने के दौरान किसान का सामना हाथी से हो गया। और हाथी ने किसान को अपने सूंड से उठाकर पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया जिससे किसान की दर्दनाक मौत हो गई। बगीचा वनपरिक्षेत्र के सुतरी, कालिया, कुटमा, बगीचा और गुरमहाकोना में पिछले एक सप्ताह से 27 हाथियों का दल विचरण कर रहा है इसके बावजुद वन विभाग हाथी के दल को जंगल की ओर खदेड़ने में नाकाम रहे हैं। हाथियों की गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों को पूर्व सूचना नहीं मिल पाने से ही आज एक किसान की मौत हो गई।

रविवार को बगीचा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में 9 किसानों के खेत मे लगे धान को रौंदकर बर्बाद कर दिया था। किसान की मौत के बाद वन विभाग के प्रति ग्रामीणों का आक्रोश देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति के हाथों पीएम आवास के सुमन होंगी सम्मानित

**जशपुरनगर।** भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों 15 अगस्त को बगीचा नगर पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राही श्रीमती सुमन तिर्की सम्मानित होगें। हितग्राही सुमन द्वारा अपने आवास को पूर्ण किया गया है। उनका नाम सम्मान हेतु चयन हुआ है। इसके लिए राष्ट्रपति भवन से सोमवार को उनको निमंत्रण-पत्र मिला है। राष्ट्रपति भवन के निमंत्रण-पत्र को नगर पंचायत बगीचा की ओर से श्रीमती तिर्की को ससम्मान दिया है और उन्हें बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, मुकेश शर्मा, पवन सिंह, पार्षद राजकिशोर जायसवाल, पार्षद आशा कुजूर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी क्षितिज कुमार सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के कर्मचारी सुबोध जायसवाल और अजय सिंह उपस्थित थे।

### यादव बने छग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

**जशपुरनगर।** जिले के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे जोगेंद्र प्रसाद यादव को छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक



वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका मनोनयन संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी के द्वारा की गई है। जोगेंद्र यादव लंबे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्टेनो के पद पर हैं। उनकी निष्पक्ष कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और दायित्वों के प्रति समर्पण को देखते हुए संघ ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संघ की उम्मीद है कि श्री यादव के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कर्मचारियों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण होगा। अपनी नियुक्ति पर श्री यादव ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे सदैव कर्मचारियों के हित में कार्य करते रहेंगे और संगठन की गरिमा को बनाए रखने हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम कुरूमकेला निवासी स्व.केदार गुप्ता का नहर के पानी में डुबने से 23 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी सरस्वती गुप्ता हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** एसडीएम ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम चड़िया निवासी स्व.जगदेव राम की सड़क दुर्घटना में 11 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती प्रमिला बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह निर्देश दिए कि हर आवेदनकर्ता को उनके प्रकरण के निपटारे की सूचना समय पर प्राप्त हो, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिले। जनदर्शन जैसे माध्यमों से आमजन सीधे प्रशासन से जुड़कर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान मिले।

## ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

# दर्दनाक सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

एनएच-43 पर स्थित केराकछार गांव में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जीजा-साले की जान चली गई। दोनों युवक फुलेता चौक से चिकन लेकर अपने घर लौट रहे थे। एक तेज़ रफ्तार कैप्सूल ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में केराकछार निवासी जागेश्वर पायलट (25 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बटुराकछार निवासी पवन मांझी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। रविवार सुबह गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-43 पर चक्का जाम कर दिया। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर परिजनों को 20 हजार रूपए की तत्काल सहायता राशि देकर ग्रामीणों को समझाइश दी।इसके करीब एक घंटे बाद जाम हटाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के चलते अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्पीड नियंत्रण के ठोस उपायों की मांग की।


हादसे के बाद सड़क जाम करते ग्रामीण।

## कछार के शिवशक्ति मन्दिर में रुद्राभिषेक



**पत्थलगांव।** कछार शिवशक्ति मन्दिर में कई जोड़ों ने भोले बाबा का रुद्राभिषेक किया। सामुहिक रुद्राभिषेक को लेकर मन्दिर प्रांगण में खासा उत्साह देखने को मिला। कछार शिवशक्ति मन्दिर समिति के खितिज खूंटियां ने बताया कि श्रावण सोमवार के आखरी सोमवार को रुद्राभिषेक किया गया जिसमें अनेक जोड़े एकसाथ बैठकर भगवान भोलेनाथ की पूजा में शामिल रहे। शिव बाबा के भक्त ऋषि बेहरा ने बताया कि रुद्राभिषेक करने से मन मे शान्ति आती है रुके हुए कार्य जल्द पूरे होते है। रुद्राभिषेक पूजा विधिविधान से टुनटुन महराज ने पूरे किया। उन्होंने कहा कि श्रावण माह में किया गया रुद्राभिषेक अत्यधिक फलदायी होता है।

## कावड़ियों के लिए लुदानिया परिवार ने लगाया भंडारा



**पत्थलगांव।** लुदानिया परिवार अनेक सालों से सावन के अंतिम सोमवार को कांवड़िए भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन करता आ रहा है इसी कड़ी में सोमवार को अंबिकापुर रोड मंदिर प्रांगण के बगल में लुदानिया परिवार ने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में कावड़िया भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया लुदानिया परिवार के राजे अग्रवाल ने बताया कि हमारे परिवार द्वारा हर साल बाबा के भक्त कावड़ियों को सेवा के तौर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें सैकड़ो की संख्या में कांवड़िए प्रसाद ग्रहण करते हैं। पत्थलगांव के समीप किलकिलेश्वर धाम में बाबा के भक्त हजारों की संख्या में जलाभिषेक करते हैं जिसकी छटा देखते ही बनती है।

# सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ पुलिस ने रायपुर से आरोपी को धरदबोचा, भेजा जेल

जिले की पत्थलगांव पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे घृणित अपराध में संलिप्त एक आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हेमंत वर्मा पिता स्व. अमरनाथ वर्मा, उम्र 30 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कचना, थाना खम्हार डीह, रायपुर के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार हेमंत वर्मा पर आरोप है कि वह महिलाओं और बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो व फोटो को सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर अपलोड करता था। इस गंभीर साइबर अपराध को लेकर वर्ष 2024 में पुलिस मुख्यालय रायपुर से एक गोपनीय टीपलाइन जशपुर पुलिस अधीक्षक को भेजी गई थी। इस सूचना में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि पत्थलगांव क्षेत्र के तहत आने वाले मामले में एक व्यक्ति द्वारा फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट अपलोड किया जा रहा है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### साइबर सेल ने की पुष्टि

इस गोपनीय सूचना को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल ने पड़ताल शुरू की और प्रारंभिक जांच के बाद पत्थलगांव थाना को प्रतिवेदन भेजा। जांच में आरोप पुष्ट होने पर आरोपी हेमंत वर्मा के खिलाफ थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 83/2024 दर्ज किया गया। इस मामले में आईटी एक्ट की धारा 67 व 67(ए) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

### पूछताछ में कुबूल किया अपराध

पुलिस पूछताछ में हेमंत वर्मा ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वर्ष 2022 में वह अश्लील वीडियो फेसबुक पर अपलोड करता था। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है, जिसे तकनीकी जांच के लिए भेजा जा रहा है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### लगातार फरार था आरोपी

मामला दर्ज होने के बाद आरोपी पत्थलगांव क्षेत्र से फरार हो गया था, जिसके बाद जशपुर पुलिस ने उसे ट्रेस करने के लिए टेक्निकल सेल और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया। निरंतर प्रयासों के बाद 3 अगस्त 2025 को यह जानकारी मिली कि आरोपी रायपुर के कचना इलाके में रह रहा है।इस सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन में पत्थलगांव थाने की एक टीम रायपुर रवाना हुई और उसे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, थाना खम्हार डीह से हिरासत में लेकर वापस लाया गया।

## सरपंच व सचिव के खिलाफ जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत

**पत्थलगांव।** ग्राम पंचायत इला के सरपंच व सचिव द्वारा राशि गबन करने के मामले में ग्रामीणों की शिकायत की जांच पूरी हो गई है। जांच पूरी होने के बाद तीन सदस्यी जांच टीम ने अपना प्रतिवेदन सीईओ के पास प्रस्तुत कर दिया है। मार्च 2025 को ग्राम पंचायत इला के ग्रामीणों द्वारा पूर्व सरपंच कृष्णा नाग एवं सचिव नील कुसुम एक्का द्वारा बिना किसी निर्माण कार्य किये सरकारी रुपयों के आहरण करने की लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था,कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-2025 में चबुतरा निर्माण कार्य, पछरी निर्माण कार्य, सी.सी रोड निर्माण कार्य, एवं अन्य कार्य को फर्जी दर्शाकर राशि आहरण किया गया था,जबकि ग्राम पंचायत में किसी प्रकार का कार्य नहीं पाया गया। इन कार्यो को दर्शाकर राशि चबुतरा निर्माण कार्य-1 लाख रुपये, पचरी निर्माण कार्य-2 लाख 60, हजार रुपये सी.सी रोड निर्माण कार्य-1 लाख का सरपंच, एवं सचिव नील कुसुम एक्का के मिलीभगत कर रूपयों का आहरण कर लिया गया है। ग्रामीण बिरंचि, गणेश्वर प्रसाद, देवानन्द यादव व खेमराज सहित दर्जन भर लोगों ने पत्थलगांव जनपद पंचायत से की थी। जनपद पंचायत ने तीन सदस्यीय जांच टीम बनाकर ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत की जांच कराई।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ और जबरन जंगल ले जाने की कोशिश करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साहसी पीड़िता की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी की पहचान कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 30 जुलाई की रात लगभग 10:30 बजे की है। 34 वर्षीय महिला अपने भाई के साथ पालतू कुत्ते को खोजने मोहल्ले में निकली थी। खोज के दौरान उन्हें एक युवक काले रंग की यामाहा मोटरसाइकिल पर बैठा मिला। महिला के भाई द्वारा कुत्ते के बारे में पूछने पर उस युवक ने जानकारी से इनकार किया और आगे निकल गया। थोड़ी ही देर बाद वह युवक लौटा और बताया कि आगे एक लड़का कुत्ते को रस्सी से बांधकर ले जा रहा था। युवक की बातों पर विश्वास कर पीड़िता का भाई मोटरसाइकिल पर बैठकर उसके साथ आगे चला गया। युवक ने एक सुनसान स्थान पर पहुंचकर महिला के भाई को वहीं कुत्ता खोजने भेज दिया और खुद महिला के पास लौटकर यह कहते हुए कि तुम्हारे भाई ने तुम्हें बुलाया है, महिला को मोटरसाइकिल में बैठा लिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### काले रंग की बाइक बनी पहचान

घटना की रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई और तकनीकी टीम की सहायता से बाइक की पहचान की गई। जांच के दौरान पता चला कि काले रंग की यामाहा मोटरसाइकिल (क्रमांक जेएच 11 एए 2820) एक मुन्ना नामक युवक के पास थी।

### पीड़िता ने आरोपी को पहचाना

पुलिस ने आरोपी सिद्धार्थ नायक को उसके घर से हिरासत में लिया और कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष पीड़िता से पहचान कराई, जिसमें उसने आरोपी को स्पष्ट रूप से पहचान लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 127(3), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### अपराधों पर जीरो टॉलरेंस

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि महिलाओं से जुड़े अपराधों के प्रति पुलिस अत्यंत संवेदनशील है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### चलती मोटरसाइकिल से कूदी महिला

जैसे ही आरोपी ने महिला को मोटरसाइकिल में बैठाकर पनचक्की जंगल की ओर ले जाना शुरू किया, महिला को संदेह हुआ और उसने अपने भाई के बारे में पूछा। इस पर युवक टालमटोल करने लगा और मोटरसाइकिल की रफ्तार तेज कर दी। इसी दौरान आरोपी ने पीछे हाथ डालकर महिला से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। भयभीत होकर महिला ने चलती मोटरसाइकिल से छलांग लगा दी और मदद के लिए चिल्लाई। इससे घबराकर आरोपी बाइक लेकर भाग निकला। चलती मोटरसाइकिल से कूदने के कारण महिला को सिर और हाथ में चोटें आईं। बाद में उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और जिला अस्पताल में इलाज कराया।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिले 363.42 करोड़

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन में बदलाव लाने के लिए महतारी वंदन योजना लाई गई थी। यह योजना देखने में एक छोटी सी आर्थिक सहायता मात्र दिखाई देती है पर इस योजना से जिले की अर्थव्यवस्था पर एक व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है। वे महिलाएं जो घर की लक्ष्मी मानी जाती हैं। अक्सर घर परिवार की जरूरतें पूरा करते घर के बाहर निकल नहीं पाती थी और अपनी छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों का मुख देखा करती थी। उन महिलाओं के लिए शासन द्वारा प्राप्त आर्थिक सहायता स्वाभिमान लेकर आई है। जब जिस वस्तु की आवश्यकता हो बस अपने खाते से पैसे निकाल कर वे अपने लिए आवश्यक समाग्री ले सकती हैं और पहले अपने पैसे निकालने उन्हें शहर जाना पड़ता था उसका उपाय करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर गांव गांव में अटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से नगद निकासी की व्यवस्था की गई है। यह महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में एक सार्थक कार्य कर रहा है। यह योजना केवल महिलाओं ही नहीं बल्कि पूरे जिले की अर्थव्यवस्था को गति देने का एक माध्यम बन रही है। महतारी वंदन योजना द्वारा जिले में 2 लाख से अधिक महिलाओं को योजना की शुरूआत मार्च 2024 से जुलाई 2025 तक 363 करोड़ 42 लाख 25 हजार 900 रूपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। एक वृहद उद्योग भी इतने बड़े लाभ से एक वर्ष में इतनी बड़ी जनसंख्या को लाभान्वित नहीं कर सकता।

## शास.उच्च. माध्यमिक शाला खरसोता में पौधरोपण एवं बाल संसद चुनाव


पौध रोपण करतीं छात्राएं।

**जशपुरनगर।** विकासखंड मनोरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खरसोता में प्राचार्य श्रीमती निर्मला भगत के मार्गदर्शन में बाल संसद चुनाव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस बात की जानकारी देते हुए विद्यालय के व्याख्याता रोपना उरांव ने बताया कि हमारे विद्यालय में पर्यावरण सुरक्षा मातृभक्ति एवं पर्यावरण की भावना बच्चों में उत्पन्न करने के लिए जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी संदीप कुमार भगत एवं युवा इको क्लब प्रभारी श्रीमती मीना बाई के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम आयोजित कर पीपल एवं अन्य पौधों का वृक्षारोपण किया गया तथा बाल संसद (बाल कैबिनेट ) का गठन रामपति सायं पैंकरा और अजित मिश्रा व्याख्याता के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों के द्वारा उत्साह पूर्वक मतदान के माध्यम से शाला प्रतिनिधि चुने गये शाला नायक कुमारी विक्रानी बाई,उपशाला नायक गौरव निराला, अनुशासन मंत्री कुमारी रविना प्रधान, उप अनुशासन मंत्री कुमारी दीपिका राठिया,क्रीड़ा मंत्री पवन राम,उप क्रीड़ा मंत्री भूमिका भगत,स्वच्छता मंत्री आयुषी एक्का,उप स्वच्छता मंत्री अभिषेक कुमार, बागवानी मंत्री कुमारी किरण बाई,उप बागवानी मंत्री नितिका बाई चुने गये।

## प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की

# शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन ऑनलाइन जुड़े मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम के दर्शन का मिल रहा सौभाग्य

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय रायपुर से ऑनलाइन कुनकुरी विकास खंड के मयाली में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन शिव भक्तों को सम्बोधित किया। शिव भक्तों को मधेश्वर पहाड़ के पास सावन माह में 28 जुलाई से 4 अगस्त 25 तक कुल 7 दिवसीय कथा अयोध्या के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री देवकीनंदन महाराज के द्वारा शिव महापुराण की कथा सुनाया गया।

मुख्यमंत्री ने शिव भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सावन माह में महामधेश्वर समिति द्वारा विधि विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। इसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की आराधना करते हुए प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों पर भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न जगहों में भगवान भोलेनाथ अनेक रूपों में विराजमान हैं इनमें मयाली में मधेश्वर पहाड़ के रूप में कवर्धा में बाबा भोरमदेव के रूप में राजीम में फूलेशवर महादेव के रूप में गरियाबंद में भूतेश्वरनाथ भगवान के रूप में विराजमान है। इसी प्रकार जांजगीर चांपा के खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव के रूप में भोलेनाथ विराजमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता रानी के पांच शक्तिपीठों के विकास कार्यों के लिए कॉरिडोर के माध्यम से योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ में माता रानी बमलेश्वरी के रूप में विराजमान है। रतनपुर में माता रानी महामाया मंदिर के रूप में जांजगीर-चांपा के चंद्रपुर में माता रानी चंद्रहासिनी के रूप में दंतेवाड़ा में माता रानी दंतेश्वरी के रूप में विराजमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। वर्तमान में 22 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन का सौभाग्य मिल गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 19 जगह श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जाएगा।



मधेश्वर पहाड के समीप आयोजित शिव महापुराण कथा, इनसेट में सीएम।



# वॉर 2 के गाने पर श्रीलंका में ऋतिक ने किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की फिल्म वॉर 2 का पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कुछ ही दिन पहले रिलीज हुआ है। दर्शकों की तरफ से अब तक गाने को अच्छा-खासा रिस्पॉन्स मिला है। इसी बीच अब अभिनेता अपने इसी गाने पर श्रीलंका में हुए एक इवेंट में थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ऋतिक को एक स्टेज पर देखा जा सकता है। ऋतिक-कियारा पर फिल्माए इस गाने को अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। इस गाने की शूटिंग इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी और रोम में हुई है।

लाइफ Style

# अनीत

## एयरलाइंस में भी कर चुकी हैं काम

फिल्म 'सैयारा' के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा ने इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। अहान के बारे में दर्शक जानते हैं कि वे फिल्मी परिवार से आते हैं। मगर, अनीत पड्डा एकदम नया चेहरा हैं। दर्शकों की दिलचस्पी यह जानने में भी है कि फिल्म 'सैयारा' में आने से पहले वे क्या करती थीं?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसका खुलासा उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल से हुआ है, जो अचानक से इंटरनेट पर वायरल हो रही है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। इसमे लीड हीरो अहान पांडे फिल्मी परिवार से आते हैं। वे चंकी पांडे के भतीजे यानी चिक्की पांडे के बेटे हैं। दर्शक इस फिल्म की हीरोइन अनीत पड्डा की निजी जिंदगी के बारे में जानने को भी उत्साहित है। इसी उत्सुकता के चलते वे अभिनेत्री की सोशल मीडिया प्रोफाइल फॉलो कर रहे हैं। अब इस कड़ी में अनीत की लिंक्डइन प्रोफाइल वायरल हो रही है, जिसमें कई अहम जानकारी हैं। दर्शकों ने अनीत पड्डा का लिंक्डइन अकाउंट खोज निकाला।

इंटरनेट पर वायरल हो रही अभिनेत्री की यह प्रोफाइल उनके दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान बनाई गई थी। प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पड्डा पॉलिटिकल साइंस की स्टूडेंट रही हैं। हालांकि, बीते काफी वक्त से यह प्रोफाइल अपडेट नहीं है। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने एक एयरलाइंस में इंटर्नशिप भी की।



हॉलीवुड मसाला



# नए शूट में नजर आए टॉम

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। मेकर्स ने स्पाइडर-मैन की आगामी फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज किया। इस पहली झलक में टॉम हॉलैंड एक बिल्कुल नए सूट में वापसी करते हुए प्रशंसकों से पूछते हैं, 'क्या आप तैयार हैं?' 22 सेकंड के इस फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत टॉम हॉलैंड को नए स्पाइडर-मैन सूट में दिखाती है। जैसे ही उनके सामने एक बड़ा दरवाजा खुलता है, बाहर से रोशनी अंदर आती है। टॉम उत्साहित नजर आते हैं और फिर नए सूट में फ्रेम के करीब आते हैं।



# एकॉन भारत के तीन शहरों में करेंगे लाइव कॉन्सर्ट...

**मुंबई।** शाहरुख खान और करीना कपूर पर फिल्माया गाना 'छम्मक छल्लो' याद है? वैसे ये गाना हर किसी को याद होगा, क्योंकि 'रा.वन' फिल्म के इस गाने ने उस साल खूब धूम मचाई थी। 14 साल पहले आए इस गाने के स्टेप्स अभी तक छाए हुए थे। इसके सिंगर एकॉन थे, जो अब भारत के तीन शहरों में जल्द ही लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं। 'छम्मक छल्लो' सिंगर एकॉन राजधानी दिल्ली में 9 नवंबर को धमाल मचाएंगे। इसके बाद वो अगली बार 14 नवंबर को बेंगलुरु में परफॉर्म करेंगे। फिर मुंबई में 16 नवंबर को लाइव परफॉर्मेंस होगी। एकॉन के शो के टिकट पहले से ही देश में सबसे ज्यादा मांग वाले टिकटों में से हैं। एचएसबीसी कार्ड होल्डर्स को 8 अगस्त दोपहर 1 बजे से इन टिकटों की शुरुआती सुविधा मिलेगी, जबकि अन्य लोग 10 अगस्त रात 10 बजे से टिकट खरीद सकते हैं।



# फैंस के प्यार से बेहद खुश हुईं मृणाल

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने रविवार को सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोल्मि 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, 'सन ऑफ सरदार 2' का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास। सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है।



# सौरभ-रणवीर बने कॉमेडी का हिस्सा

**मुंबई।** सौरभ शुक्ला और रणवीर शौरी कई कॉमेडी फिल्मों में रंग जमा चुके हैं, साथ ही क्राइम स्टोरीज वाली फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। अब ये दोनों एक्टर्स एक डॉर्क गैंगस्टर कॉमेडी में साथ नजर आएंगे। इनकी जल्द रिलीज होने वाली सीरीज बिंदिया के बाहुबली का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। ट्रेलर में एक दावन परिवार है, जो बिंदिया नाम की एक जगह के बाहुबली हैं। सीरीज में दावन परिवार के मुखिया यानी बड़ा दावन जब अपना पॉलिटिकल करियर शुरू करना चाहता है तो पुलिस उसे गिफ्तार कर लेती है। अब परिवार बड़े दावन को कैसे जेल से निकालेंगे? इसी पूरे प्लानिंग में कई उल्टी-सीधी घटनाएं होती हैं, जो कॉमेडी का तड़का सीरीज में लगाती हैं। अपने किरदार बड़ा दावन के बारे में बात करते हुए सौरभ कहते हैं, 'यह सीरीज एक ऐसे परिवार की कहानी कहती है, जो सत्ता की चाहत रखता है।

टीवी मसाला



# 27 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव कभी नहीं मिला लीड रोल

**नई दिल्ली।** आपको 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के मशहूर गुलाटी और रिंकू देवी और 'द कपिल शर्मा शो' के इंजीनियर साहब तो याद ही होंगे। इन सभी किरदारों को मशहूर बनाने वाले हैं कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर। सुनील ग्रोवर को इंडस्ट्री में लगभग 27 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक में अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं। इन सभी किरदारों को सुनील ग्रोवर ने अपने अभिनय से यादगार बनाया है। हालांकि, ये सुनील ग्रोवर की बदकिस्मती ही रही कि साल 1998 से फिल्मों में नजर आने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। इंडस्ट्री के तीनों खानों-शाहरुख, आमिर और सलमान के साथ फिल्में करने के बावजूद सुनील ग्रोवर को पहचान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से ही मिली। सुनील ग्रोवर एक्टिंग की दुनिया में साल 1995 से एक्टिव हैं और फिल्मों में वो 1998 से नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई बड़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। जिनमें प्यार तो होना ही था, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, मैं हूं ना, गजनी, भारत और जवान जैसी फिल्में शामिल हैं। सुनील ग्रोवर को दिवंगत एक्टर-कॉमेडियन जसपाल भट्टी की खोज बताया जाता है। इतनी बड़ी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में कभी वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे।

## तुलसी की नई बहू की सीरियल में एंट्री, क्या संभालेगी शांति निकेतन की विरासत?

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपने परिवार और शांति निकेतन की जिम्मेदारियां अब भी तुलसी बखूबी निभा रही हैं। मगर उसे चिंता है कि आगे शांति निकेतन की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? कौन उसके लिए मददगार बनेगा? इन्हीं सवालों के बीच एक नए चेहरे की एंट्री सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में होती है। सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो, फोटोज वायरल हैं, जिसमें तुलसी की नई बहू की झलक मिलती है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तुलसी, माता रानी से सवाल करती है? 'कौन बचाएगा मेरे घर को? क्या मैं अपने बच्चों के लिए अच्छी मां नहीं बन सकी? कौन करेगा मेरी मदद?' इन्हीं सवालों के बीच उलझी तुलसी, शांति निकेतन के आगंन में लगे तुलसी के पौधे को बारिश से बचाती हुई दिखती है। आगे वायरल वीडियो में नजर आता है कि एक दूसरी जगह तुलसी के पौधे के आगे नए चेहरे की एंट्री होती है। सुंदर, सादगी से भरा चेहरा लिए एक लड़की नजर आती है। यही होगी तुलसी के घर की नई बहू। दरअसल, यही लड़की तुलसी को एक बड़ी मुश्किल से बाहर निकालेगी।



# महावतार नरसिम्हा की लंबी छलांग सन ऑफ सरदार 2-धड़क 2 पड़ीं बेजान

**नई दिल्ली।** अगस्त के पहले वीकेंड पर कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें से कुछ ने दर्शकों को आकर्षित करने में सफलता पाई, तो कुछ उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हालिया रिलीज सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2, सैयारा, किंगडम और महावतार नरसिम्हा की बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की चर्चित फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल दर्शकों के बीच उत्सुकता तो पैदा कर पाया, लेकिन पहले दो दिनों में फिल्म की कमाई औसत ही रही। पहले दिन जहां फिल्म ने करीब 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, दूसरे दिन की कमाई बढ़कर 7.5 करोड़ तक पहुंची। कुल मिलाकर दो दिन में 14.75 करोड़ रुपए की कमाई करते हुए फिल्म ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है।

**धड़क 2 :** जाह्नवी कपूर के डेब्यू की अगली कड़ी मानी जा रही धड़क 2 को लेकर युवा दर्शकों में हल्की एक्साइटमेंट थी, लेकिन



बॉक्स ऑफिस पर ये ज्यादा असर नहीं छोड़ सकी। पहले दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ और दूसरे दिन 3.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। यानी दो दिन में कुल 7.25 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फिल्म का ग्राफ धीमा है। समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म को लंबी रेस के लिए दर्शकों का समर्थन चाहिए।

**सैयारा :** बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही सैयारा ने अपनी रिलीज के 16वें दिन भी रफ्तार बनाए रखी। फिल्म ने 16वें दिन 6.35 करोड़ कमाए। फिल्म ने अब तक घरेलू स्तर पर 291.35 करोड़ रुपए और वैश्विक स्तर पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। भले ही अब कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आ रही हो, लेकिन फिल्म ने इस साल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन में खुद को स्थापित कर लिया है।

**महावतार नरसिम्हा ने रचा इतिहास :** फिल्म महावतार नरसिम्हा जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने पहले हफ्ते में टोटल 44.75 करोड़ कमाए थे। पहले दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए थे। दूसरे दिन 4.6 करोड़, तीसरे दिन 9.5 करोड़, चौथे दिन 6 करोड़, पांचवे दिन 7.7 करोड़, छठे दिन 7.7 करोड़, सातवें दिन 7.5 करोड़ और आठवें दिन 7.7 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के हिंदी कलेक्शन की बात करें तो पहले हफ्ते में फिल्म ने 29 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ और दूसरे शनिवार 11 करोड़ कमाए।

# कुली के ट्रेलर लॉन्च में पहुंचे आमिर रजनीकांत के छुए पैर

**मुंबई।** चेन्नई में रजनीकांत की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। इस इवेंट में आमिर खान की सरप्राइज एंट्री ने हर किसी को खुश कर दिया। इवेंट से आमिर खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आमिर खान



रजनीकांत के पैर छूते नजर आ रहे हैं। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही फैंस का इस फिल्म को लेकर इंतजार और बढ़ गया है। रजनीकांत की इस फिल्म में आमिर खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

ट्रेलर लॉन्च इवेंट चेन्नई में हुआ। इस इवेंट में आमिर खान ने भी हिस्सा लिया। आमिर खान की सरप्राइज एंट्री से हर कोई खुश हो गया। सोशल मीडिया पर आमिर खान के इस इवेंट के कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के दो गाने रिलीज किए जा चुके हैं। इस फिल्म में आमिर खान के किरदार का नाम दाहा होगा। फिल्म में रजनीकांत एक गोल्ड तस्करी करने वाले का किरदार निभाएंगे। उनका नाम देवा होगा।

## कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड किया अपने नाम

# विधायक जी का कटहल चोरी न हुआ होता तो ये कमाल कैसे हो पाता

***नई दिल्ली।*** *71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के दौरान एक ऐसी फिल्म का नाम लिया गया जो साल 2023 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। ये एक मनोरंजक व्यंग्यप्रधान सामाजिककॉमेडी थी। इस फिल्म का नाम है 'कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री', जिसे यशोवर्धन मिश्रा ने निर्देशित किया है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के एक काल्पनिक कस्बे मोबा की राजनीतिक और सामाजिक हलचलों को एक अनोखे अंदाज में पेश करती है। कहानी की शुरुआत एक विधायक के बाग से दो दुर्लभ कटहल की चोरी से होती है, जिसे लेकर पूरा थाना सिर पर उठा लिया जाता है। लेकिन, असली रहस्य एक माली की गुमशुदा बेटी के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म की कहानी में कई मोड़ आते हैं। कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया।*

### कहानी क्या है?

उत्तर प्रदेश के काल्पनिक कस्बे मोबा में एक विधायक (विजय राज) की हवेली से दुर्लभ अंकल हॉन्ग प्रजाति के दो कटहल चोरी हो जाते हैं और पूरा थाना उनकी खोज में लग जाता है। हालांकि असली मुद्दा कहीं और है। पुलिस पर भारी दबाव डाला जाता है कि चोरी हो गया कटहल जल्द ढूंढे, वरना विधायक थाने को आग लगा देने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर महिमा बसोर (सान्या मल्होत्रा) इस केस की जिम्मेदारी संभालती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चलता है कि वास्तविक मामला एक माली की बेटी अमिया के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस प्रशासन कटहल चोरी को प्राथमिकता दे रहा है जबकि जिंदगी की असली कहानी कुछ और है। महिमा उसी का पता लगाने निकल पड़ती है। इस बीच कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी की जिंदगी भी उलझी होती है। उनकी रिपोर्टिंग महिमा का होती है, जो उसकी गर्लफ्रेंड भी है। दोनों की प्रेम कहानी भी सीनियर-जूनियर के फेर में उलझी रहती है और शादी तक नहीं पहुंच पा रही होती।



**फिल्म में है दमदार कास्ट :** इंस्पेक्टर महिमा बसोर के रोल में सान्या मल्होत्रा नजर आ रही हैं। इसके अलावा कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी अनंत वी जोशी हैं। वो महिमा के प्रेमी के रोल में हैं, जो एक ऊंची जाति के हैं और नीचली जाति की लड़की से प्यार करते हैं। विजय राज, विधायक मुन्नालाल पटेरिया, कटहल मालिक के रोल में हैं। राजपाल यादव, पत्रकार अनुज संघवी के रोल में हैं, जो रिपोर्टिंग के जरिये महिमा को न्याय की दिशा दिखाता है। ब्रिजेंद्र कला, नेहा सराफ, रघुबीर यादव और अंबरीश सक्सेना जैसे सितारे भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

### फिल्म का भाव

ये फिल्म एक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति थी। कटहल जैसे मामूली चोरी को एक बड़े अपराध की तरह दिखाकर फिल्म समाज और प्रशासन की विसंगतियों पर कटाक्ष करती है। जातीय और सामाजिक तनाव को फिल्म में दिखाया गया है, जहां महिमा को निचली जाति की होने की वजह से लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ता है, बखूबी दिखाया गया है कि कैसे सिस्टम की प्राथमिकताएं गलत दिशा में होती हैं। पावर गेम और भ्रष्ट प्रशासन की झलकियां भी इस फिल्म में दिखाई गई हैं। विधायक का दबदबा, पुलिस का लालच और जनता की अपेक्षाएं सभी को मिलाकर फिल्म ने ताकतवर संरचनाओं की आलोचना की है। बता दें, 'कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री' 19 मई 2023 को वैश्विक प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसे अभी भी आप स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बस्ती में 50 से अधिक परिवार अंधेरे में

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 में रहने वाले करीब 50 परिवार इन दिनों बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। संस्कार पब्लिक स्कूल में मणिकंचन केंद्र के सामने बसे इन परिवारों ने बिना बिजली के कठिन जीवन जीते हुए आखिरकार विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवेदन सौंपकर ट्रांसफार्मर की स्थापना की मांग की है। स्थानीय निवासी हेतराम कोसले एवं अन्य निवासियों द्वारा सौंपे गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इस क्षेत्र में न तो अब तक बिजली लाइन बिछाई गई है और न ही कोई ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। जिससे पीने का पानीए पंखाए लाइटए मोबाइल चार्जिंग जैसी मूलभूत जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। आवेदन में बताया गया है कि गर्मी और बरसात दोनों मौसमों में बिजली की अनुपलब्धता ने परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर निगम एवं बिजली विभाग इस बस्ती की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित कराएं ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### सर्च अभियान चला कर 13 वारंटी को किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा ब्यवस्था को बनाए रखने के लिए अकलतरा पुलिस के द्वारा असामाजिक तत्वों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 13 वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। बीते रात्रि से रविवार की सुबह तक असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा क्षेत्र में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वार चिन्हित स्थानों पर रात्रिकालीन गस्त एवं दबिश दी गई, जिसमें अलग अलग जगहों से 13 फरार वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा, बदमाशों का उनके गतिविधियों में नजर रखने के लिए जिला स्तर पर विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है साथ ही क्षेत्र में शांती व्यवस्था बनायें रखने हेतु निगरानीशुदा लोगों को हिदायत भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार अपराधों में संलिप्त रहने , मारपीट व गुण्डागर्दी की शिकायत वाले बदमाशो सहित निगरानी बदमाश एवं गुण्डा बदमाशों की सूची में शामिल किए जाने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा की जा रही है।

### जिले में एक स्कूल ऐसा जहां दो प्राचार्य

**बिर्रा ।** विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिर्रा में दो प्राचार्य काम कर रहे हैं।तत्कालीन कलेक्टर के आदेश के सालभर बाद भी व्याख्याता द्वारा वित्तीय प्रभार अपने पास रखा गया है। वहीं एक शिक्षिका के पास प्राचार्य का प्रशासनिक प्रभार है। ऐसे में इस स्कूल में दो प्राचार्य हो गए हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में पदस्थ व्याख्याता का प्राचार्य पद जाने के बाद भी वर्तमान प्राचार्य को वित्तीय अधिकार नहीं देने से वर्तमान प्राचार्य को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्याख्याता फागूलाल साहू जो पूर्व में प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। तत्कालीन कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति घोर लापरवाही और रिजल्ट खराब आने के कारण फागूलाल साहू को प्राचार्य के पद से हटाकर उनके स्थान पर व्याख्याता मनीषा बेबी चौहान को प्राचार्य बनाया गया।

बरमकेला से शुरू हुआ ट्रेंड अब जिलेभर में फैला, शिक्षक बन रहे मार्केटिंग एजेंट

# शिक्षा छोड़ नेटवर्किंग की राह, बढ़ती लत पर शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के शिक्षा विभाग में एक बार फिर चिंताजनक स्थिति सामने आई है, जहां कई शिक्षक शासकीय सेवा में रहते हुए हर्बल लाइफ और अन्य नेटवर्क मार्केटिंग कंपनियों से जुड़कर अतिरिक्त आय अर्जित करने की होड़ में लगे हैं। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद जिले में यह गतिविधि लगातार जारी है, जिससे न केवल शिक्षक की गरिमा प्रभावित हो रही है, बल्कि विभाग की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

खास बात यह है कि कई मामलों में पति पत्नी दोनों शिक्षक इस कार्य में शामिल हैं। कहीं पति ने नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह से नेटवर्क मार्केटिंग में उतर गया, वहीं पत्नी अब भी शिक्षिका की भूमिका में रहकर सेमिनार, वेबिनार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सक्रिय बनी हुई है। जिले में इस नेटवर्किंग गतिविधि की व्यापक शुरुआत बरमकेला विकासखंड के डोंगीपानी शासकीय विद्यालय से हुई। यहां पदस्थ शिक्षक शशि बैरागी पहले ऐसे नाम थे जिन्होंने इसे सार्वजनिक रूप से अपनाया। शुरुआत में उनके विद्यालय के बच्चे फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने के लिए पहचाने गए और उन्हें कई मंचों पर सम्मानित किया गया, लेकिन धीरे-धीरे वे विद्यालय से गायब रहने लगे। विभागीय नोटिसों के बावजूद उन्होंने जवाब नहीं दिया। अंततः उन्हें निलंबित किया गया। बाद में शशि बैरागी ने दावा किया कि निलंबन से पहले ही वे त्यागपत्र दे चुके थे।




### लाइफस्टाइल दिखावा बना आकर्षण का केंद्र

शिक्षकों में नेटवर्क मार्केटिंग की बढ़ती रुचि के पीछे सबसे बड़ा कारण है लक्जरी लाइफस्टाइल का दिखावा। इस व्यवसाय में सक्रिय लोगों को महंगी गाड़ियां, विदेशी दौरे और अधिक आमदनी के सपने दिखाए जाते हैं, जिससे युवा शिक्षक और शिक्षकाएं इस ओर आकर्षित हो रहे हैं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर चलने वाले प्रचार इस प्रवृत्ति को और हवा दे रहे हैं।

### अन्य विभाग भी नहीं बचे अछूते

शिक्षा विभाग के साथ साथ अन्य शासकीय विभागों में भी यह लत पहुंच चुकी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस विभाग के एक कर्मचारी ने भी अपनी नौकरी छोड़कर नेटवर्क मार्केटिंग को अपना लिया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह समस्या सिर्फ एक विभाग तक सीमित नहीं रह गई है। यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। देखना होगा कि शासन प्रशासन शिक्षकों की इस नई रुचि को किस तरह नियंत्रित करता है और शिक्षा व्यवस्था की गरिमा को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### विभागीय जिम्मेदार बोले, मिले हैं इनपुट, होगी कार्रवाई

इस विषय में जब बरमकेला बीईओ नरेंद्र कुमार जांगड़े से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संकुल समन्वयकों से इस संबंध में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन अधिकतर ने कोई जानकारी नहीं बताकर जवाब दिया। जांच के बाद यदि कोई शिक्षक दोषी पाया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया।

सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से विस्तृत जानकारी मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही सटीक आंकड़े और कार्रवाई की दिशा तय की जा सकेगी।

**जे आर डहरिया, जिला शिक्षा अधिकारी**



# श्याम कुटुंब की निशान यात्रा, अखंड पाठ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुंब द्वारा श्रावण शुक्ल एकादशी, 5 अगस्त को 40वीं मासिक निशान यात्रा एवं श्याम अखण्ड ज्योति पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा सुबह 6 बजे श्री बनारसीदास विष्णुप्रसाद के निवास, स्टेट बैंक के सामने से शुरू होकर 7.30 बजे श्याम बिहारी मंदिर पहुँचेगी, जहां आरती होगी।

संस्था के अध्यक्ष विजय अग्रवाल और संस्थापक मुकेश मित्तल ने बताया कि यह मासिक परंपरा विगत 15 वर्षों से लगातार जारी है, जिसमें हर शुक्ल पक्ष की ग्यारस को नगर के भक्तों के घरों से निशान यात्रा निकाली जाती है। इसी दिन दोपहर 1 बजे से श्याम अखण्ड ज्योति पाठ प्रारंभ होगा, जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल होंगे। पाठ का मुख्य यजमान बिरबल प्रसाद, विजय कुमार रहेंगे। 6 अगस्त को सुबह 7.25 बजे बाबा की ज्योति प्रज्वलित कर आरती होगी, जिसके बाद खीर-चूरमा का प्रसाद अर्पण किया जाएगा। दोपहर 12.30 बजे चांवल-सब्जी और रात्रि 7.30 बजे आरती उपरांत खिचड़ी का महाप्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा। मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारों व झालरों से सजाया जाएगा और बाबा के जन्म उपलक्ष्य में बधाइयाँ भी बांटी जाएंगी। आयोजन में श्री श्याम कुटुंब के सभी सदस्य तन-मन से जुटे हुए हैं।

# कटाईपाली सी विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और वृक्षों की महत्ता को रेखांकित करते हुए एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत द्रौपदी रामदास फाउंडेशन के सहयोग से पौधरोपण महाअभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर फाउंडेशन के नर्सरी हेड श्री राम यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्था लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि माताओंए बच्चों और शिक्षकों की उत्साही सहभागिता इस अभियान को विशेष बनाती है। श्री यादव ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी यदि कोई अपने विशेष अवसर पर पौधा लगाना चाहेए तो फाउंडेशन पेड़ उपलब्ध कराएगा। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव गुप्ता ने दूरस्थ अंचल में आकर सहयोग करने हेतु फाउंडेशन का आभार जताया और विशेष रूप से उपस्थित माताओं को इस अभियान को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं सीएससी प्रभारी भुनेश्वर पटेल, फाउंडेशन के सदस्य और ग्राम की माताएं उपस्थित रहीं। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनसहभागिता का एक प्रभावशाली उदाहरण बना।

# सारंगढ़ के ढाबों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला इन दिनों गली मोहल्लों से लेकर हाईवे किनारे के ढाबों तक में खुलेआम छत्तीसगढ़ और ओडिशा ब्रांड की अवैध शराब बिक्री को लेकर चर्चा में है। सरकार द्वारा सुशासन तिहार की तैयारी के बीच यह मामला न सिर्फ सवाल खड़ा कर रहा है बल्कि आबकारी विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ रही है।

बताया जा रहा है कि जिले के विभिन्न ढाबा और होटलों में बेखौफ तरीके से शराब परोसी जा रही है। नेशनल हाईवे रायगढ़ मार्ग, बिलासपुर मार्ग, और दानसरा होते हुए चल रहे कई ढाबा अब अघोषित बार में तब्दील हो चुके हैं। यहां ग्राहक खुलेआम शराब पीते देखे जा सकते हैं, जिनके लिए शराब सीधे इन होटलों तक पहुंचाई जा रही है। स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि यह पूरा कारोबार आबकारी विभाग की मूक स्वीकृति से फल फूल रहा है। नियमों के अनुसार शराब दुकान से सीमित मात्रा में ही बिक्री की अनुमति है, परंतु अब ये दुकानें वितरण केंद्र बन चुकी हैं जहाँ से सीधे होटलों और ढाबों में शराब भेजी जा रही है। इससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और कई वारदातें भी सामने आने लगी हैं।



■ ओडिशा से तस्करी, आबकारी विभाग मौन

### पुलिस सिर्फ नामजदों पर कार्रवाई करती है

पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता भी सवालों के घेरे में है। दुष्कर्म, छेड़छाड़ और ठगी जैसे मामलों में नामजद आरोपियों पर कार्रवाई कर खुद की पीठ थपथपाने में लगे अधिकारियों ने अब तक अवैध शराब कारोबार की तरफ नजर तक नहीं डाली है। इससे यह आशंका और गहरी होती जा रही है कि कहीं इस पूरे कारोबार में कुछ रसूखदारों की भूमिका तो नहीं।

### सीमाओं से होती है शराब की तस्करी

सारंगढ़ की सीमाएं ओडिशा से जुड़ी हैं। बताया जा रहा है कि ओडिशा की सस्ती शराब को छत्तीसगढ़ में लाकर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। शराब तस्करी का यह रैकेट लगातार सक्रिय है और ढाबों को शराब उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहा है।

आपके माध्यम से यह जानकारी संज्ञान में आई है। यदि इस तरह की अवैध शराब बिक्री हो रही है, तो निश्चित रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संतराम वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी, सारंगढ़.बिलाईगढ़**

# प्रकृति से जुड़कर छोटे बच्चों ने भी किया पौधरोपण




**रायगढ।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन समाजसेवी सुनील रामदास के विशेष मार्गदर्शन में विगत एक दशक से जिले के सभी क्षेत्रों में लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए महा वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधारोपण व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।वहीं इस महाअभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों में पौधारोपण व वृक्षारोपण किया गया। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन महावृक्षारोपण अभियान टीम के प्रमुख राम यादव ने बताया कि इस महाअभियान के अंतर्गत समाज के बड़े लोगों के साथ बच्चे भी जुड़ रहे हैं। वहीं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जिज्ञासा इंग्लिश मीडियम स्कूलए चक्रधरपुर की शिक्षिकाएँ श्रीमती शांति यादव एवं श्रीमती रोहिणी यादव के सराहनीय सहयोग से व श्आगाज एक पहलश संस्था की संस्थापक मोनिका इजारदार तथा जय कुमार चौहान ए प्रकाश जायसवाल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें स्कूली बच्चे भी शामिल होकर पौधारोपण किया। वहीं रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन समाजसेवी सुनील रामदास का कहना है कि हमारे वृक्षारोपण के महाअभियान में समाज के छोटे . छोटे बच्चे भी बड़े ही उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। जो भविष्य के एक अच्छी शुरुआत है। आइए हम सभी मिलकर पौधारोपण व वृक्षारोपण करें साथ ही उसका संरक्षण भी ताकि हमारा पर्यावरण अच्छा हो जिसका लाभ समाज के सभी लोगों को मिले।

# जब खिलखिलाए अपनों के साथ तो लम्हा भी हुआ हसीन

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था लॉयंस क्लब मिडटाउन के सभी सदस्यगण हमेशा सामाजिक जनहित के कार्यों को नव रुप देते हैं। जिसका लाभ समाज के हर वर्ग के लोगों को समयानुसार मिलता है। वहीं कुछ आयोजन क्लब के सदस्यगण अपनी फैमिली के साथ मिलकर अपनी जिंदगी के पल को यादगार बनाने में कोई कमी नहीं करते। कुछ यूँ ही क्लब के सदस्यों ने विगत दिवस फ्रेंड्स डे के अवसर पर सभी सदस्यों ने शहर के आरके मॉल में यादगार फैमिली मीट का आयोजन क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी के विशेष मार्गदर्शन में किया। जिसमें क्लब के 35 फैमिली सदस्यों ने भाग लिया।

फिल्म का लिए आनंद अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी ने बताया कि यह कार्यक्रम बेहद ही पारिवारिक माहौल में किया गया। जिसमें क्लब के सभी सदस्यगण अपने पूरे परिवार के साथ बड़ी खुशी से शामिल हुए। वहीं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी ने आरके मॉल में सन ऑफ सरदार फिल्म का एक साथ मिलकर आनंद लिए और यह आयोजन बहुत ही सफल रहा। वहीं लॉयंस फैमिली मीट के इस कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। इसी तरह सभी सदस्यों की भागीदारी और सहयोग के लिए हम सभी सदस्यों के प्रति विशेष आभारी हैं। हमें उम्मीद है कि भविष्य में भी सभी सदस्यों का साथ मिलेगा और हम साथ में और भी अच्छे प्रोग्राम आयोजित कर सकेंगे।



### बच्चों की खुशियां देखते बनी

लॉयंस फैमिली मीट का आयोजन होने से अपने परिजन के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। वहीं इस कार्यक्रम के माध्यम से उनको समाज के अपने से बड़ों के साथ मिलने . जुलने का पारिवारिक माहौल में सभ्य संस्कार तो मिला ही साथ ही उन्होंने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेते हुए बेहद खुद नजर आए।

### लॉयंस फैमिली ने लिए सेल्फी

फैमिली मीट कार्यक्रम के पश्चात सभी सदस्यों ने अपने परिजनों के साथ आयोजन को यादगार बनाने के लिए जमकर सेल्फी लिए। इसके पश्चात सभी ने मिलकर हाईटी का आनंद लिया। लॉयंस फैमिली मीट के आयोजन को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लॉयन ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी, सचिव लॉयन अमित मोदी, कोषाध्यक्ष लॉयन बृजमोहन अग्रवाल सहित सभी क्लब के सदस्यों व फैमिली सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



# बोलबम पदयात्रा में गूंजा हर-हर महादेव

**बिलाईगढ़।** बोलबम कावरिया संघ एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बिलाईगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में भव्य बोलबम पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह धार्मिक यात्रा बिलाईगढ़ से शुरू होकर छत्तीसगढ़ की काशी कहे जाने वाले खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर तक पहुँची।

■ खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव के किए दर्शन

यात्रा की शुरुआत डीजे और ढोल-ताशों की भक्तिमय धुनों के साथ हुई, जिसमें महादेव की जयकारों से माहौल गूंज उठा। रातभर चली इस पदयात्रा में शिवरीनारायण से कांवड़ियों ने पवित्र जल लेकर आगे की यात्रा प्रारंभ की और अंत में खरौद पहुंचकर लक्ष्मणेश्वर महादेव के दर्शन किए। वहीं यात्रा का समापन हुआ। इस भव्य आयोजन में विहिप अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, शुभम पांडे, गीताराम पटेल, प्रतीक श्रीवास, आदर्श दुबे, भूपेंद्र देवांगन, दुर्गेश केवट, सत्येंद्र देवांगन समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। बोलबम यात्रियों का कारवां बांसुरकुली, टाडापारा, गोविंदबन, छर्रा, टुंड्री सहित कई गाँवों से होते हुए निकला, जिसमें सैकड़ों शिवभक्तों ने भाग लिया। श्रद्धा और उत्साह से भरी इस यात्रा में हर हर महादेव के जयघोष के साथ भक्ति की मिसाल देखने को मिली।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर सख्त, दी गई चेतावनी

# सड़कों से हटाएं मवेशी, प्रमाण-पत्र में न हो छात्रों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर घूमते मवेशियों के कारण दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।

उन्होंने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों से मवेशियों को हटाकर सुरक्षित स्थानों में रखने की कार्रवाई नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के सहयोग से करें। कलेक्टर ने निर्माणाधीन पुल पुलिया भवन व अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और समय सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और स्वीकृत कार्यों के शीघ्र टेंडर निकालने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण हेतु चिन्हांकित कर उन्हें कंपनियों से स्पॉन्सरशिप दिलाने की दिशा में ठोस प्रयास करने को कहा। मंडियों में अधोसंरचना सुधार हेतु भी शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नगरीय निकायों में भवन निर्माण अनुमति संबंधी सभी प्रस्तावों की विधिवत जांच और शासन की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएम और सीएमओ को ळम्ड पोर्टल की प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, फार्मर रजिस्ट्री और आधार अपडेशन शीघ्र पूर्ण करने और 15 वर्ष पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।



### प्रमाण पत्र बनाने अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की हड़ताल को देखते हुए कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के आय, जाति और निवास प्रमाण-पत्र निर्माण की जिम्मेदारी भू.अभिलेख अधिकारियों को दी है। उन्होंने इस कार्य को संवेदनशीलता से करने की बात कही ताकि विद्यार्थियों को परेशानी न हो।

### आयुष्मान और वय वंदना कार्ड की धीमी प्रगति पर नाराजगी

कलेक्टर ने आयुष्मान भारत और वय वंदना कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और सभी बीएमओ को कार्य में तेजी लाने को कहा। बैठक में जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल और अन्य लंबित प्रकरणों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

